घर पर दुर्घटनाएँ हो सकती हैं, लेकिन उन्हें कम करने के लिए हम कई कदम उठा सकते हैं।

बटन बैटरी से सुरक्षा

बटन बैटरी रोज़मर्रा की कई घरेलू चीज़ों में पाई जाती हैं, जिनमें Baby Box में रखी चीज़ें भी शामिल हैं। ये छोटी लेकिन खतरनाक होती हैं। अगर कोई बच्चा इन्हें निगल ले, तो इससे गंभीर नुकसान या यहाँ तक कि मृत्यु भी हो सकती है। यह सुनकर डर लग सकता है, लेकिन आप अपने बच्चे को सुरक्षित रखने के लिए कुछ कदम उठा सकती(ते) हैं:

- **अपने घर की जांच करें** – देखें कौन-सी चीज़ों में बटन बैटरी है।
- **बैटरियों को सुरक्षित रखें** – सुनिश्चित करें कि बैटरी का डिब्बा मज़बूती से बंद हो।
- **सुरक्षित रूप से स्टोर करें** – अतिरिक्त और इस्तेमाल की हुई बैटरियों को बच्चों की पहुँच से दूर रखें।
- **बड़े बच्चों को शिक्षित करें** – उन्हें खतरों के बारे में बताएं।

आपात स्थिति में तुरंत कदम उठाएं

अगर आपको लगता है कि आपके बच्चे ने बटन बैटरी निगल ली है, तो तुरंत A&E जाएं या **999** पर कॉल करें। उन्हें खाना, पीना न दें, और उल्टी कराने की कोशिश न करें।

साँस लेने से संबंधित खतरे

गला घुटना और दम घुटना आसानी से हो सकता है, इसलिए अपने बच्चे को सुरक्षित रखें:

- **पर्दे की डोरियों को सुरक्षित करना** – उन्हें बच्चों की पहुंच से दूर रखने के लिए क्लीट हुक या टेंशनर का उपयोग करें।
- **नैपी सैक्स को सुरक्षित रूप से स्टोर करना** – इन्हें अपने बच्चे से दूर रखें, कभी भी पालने की गद्दी के नीचे न रखें।
- **खतरों पर नज़र रखें** – बेल्ट, ड्रा-स्ट्रिंग और ऐसी अन्य वस्तुओं के प्रति सतर्क रहें जो खतरा पैदा कर सकती हैं।

डूबने का खतरा

अपने शिशु या छोटे बच्चे को नहलाते समय और पानी के आस-पास अपनी पहुँच के भीतर रखें, ताकि उन्हें डूबने से बचाया जा सके।

अपने बच्चे को सुरक्षित रखने के और अधिक सुझाव **parentclub.scot/safety** पर पा सकती(ते) हैं

RoSPA
accidents don't have to happen

child accident prevention trust